nwda.gov.in

केन-बेतवा लिंक परियोजना के खुले आफिस, अब कार्यों में आएगी तेजी

जागरण संवाददाता, बांदा : केन-बेतवा लिंक परियोजना के कार्यों में अब तेजी आएगी। परियोजना के मंडल और डिवीजन कार्यालय स्थापित करने के साथ ही अधिकारियों की तैनाती भी कर दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच अक्टूबर को परियोजना का शुभारंभ करेंगे। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। परियोजना को 2030 तक पूरा किया जाना है।

अतर्रा से होकर गुजरी केन नहर • जागरण

- बुंदेलखंड के चार जिलों की ढाई लाख हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच अक्टूबर को करेंगे परियोजना का शुभारंभ

करीब 45 हजार. करोड़ रुपये की केन-बेतवा लिंक परियोजना से यूपी में बुंदेलखंड के चार जिलों बांदा, महोबा, झांसी और ललितपुर में ढाई लाख हेक्टेयर भूमि की भरपूर सिंचाई होगी। पांच हजार करोड़ रुपये प्रदेश के इन चार जिलों में खर्च होने हैं। मध्य प्रदेश के दोधन में बन रहे 2855 एमसीएम (मिलियन क्यूबिक मीटर) पानी की क्षमता के बांध से इन चारों जिलों को 1700 एमसीएम पानी मिलेगा। बांदा की 1060 किमी नहरों का 1142 करोड़ रुपये से कायाकल्प होगा। जिले में केन नदी पर बनने वाले दो बैराजों से दो हजार हेक्टयर क्षेत्रफल की सिंचाई होगी। साथ ही 67 एमसीएम पानी से पेयजल संकट दूर होगा।